हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 29 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस अवसर पर, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सुबह नई दिल्ली में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

---

भारतीय खेल प्राधिकरण के कुरूक्षेत्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साई केंद्र के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान रस्साकसी प्रतियोगिता व वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान की शपथ भी दिलाई गई।

---

पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश से अंबाला जिले से बहने वाली टाँगरी नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जिसको देखते हुए प्रशासन को चौकन्ना कर दिया गया है।

आज हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर टाँगरी नदी के पास प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।–

उधर मोरनी क्षेत्र में भी बारिश से मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। पंचकूला के अलीपुर से खतौली जाने वाली सड़क क्षति ग्रस्त हो गई है। टोका से रायपुररानी व त्रिलोकपुर जाने वाले मार्ग पर भी पेड़ गिरने से आवाजाही अवरुद्ध हुई है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल शाम फरीदाबाद के सेक्टर 12 में गणपति महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित भव्य गणपति महोत्सव कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, आस्था और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा  कि 'लाडो लक्ष्मी योजना' जैसी योजनाओं पर सवाल उठाने वाले नेताओं को पहले उन राज्यों की स्थिति देखनी चाहिए, जहाँ कांग्रेस सत्ता में रहते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल घटिया राजनीति करती है और जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करती है।उन्होंने विपक्ष की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिमाचल, कर्नाटक, पंजाब और तेलंगाना में कांग्रेस की नाकामियों ने जनता को निराश किया है।श्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मातृशक्ति के प्रति अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उन्हें इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी माँगनी चाहिए। अन्यथा बिहार की जनता  चुनाव में उन्हें जवाब देगी।विपक्ष के "वोट चोरी" जैसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस असमंजस में है और जनता अब उनकी हकीकत जान चुकी है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------